National Press Times

Date 27/05/20

# टेक्नोलॉजी एडॉप्शन आज की आवश्यकता है, विकल्प नहीं : अर्पित चड्ढा

एनपीटी ब्यूरो

**गाजियाबाद।** ऑनलाइन जगत के प्रसिद्ध ऑथर शैरी शो में अपने लाइव साक्षात्कार के दौरान आटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि आज के युग मैं टेक्नोलॉजी के बिना कार्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि गत 25 वर्षों में आईटीएस समूह के सभी शिक्षण संस्थानों ने पारम्परिक एवं भारतीय शिक्षा पद्धति को शीर्ष पर रखते हुए उसमें आवश्यकतानुसार टेक्नोलॉजी को प्रारम्भ से ही महत्व दिया ह। उन्होंने कहा की इसी का परिणाम था की जब इस कोविद-19 महामारी के करना जब पूरे देश में लॉक डाउन के कारन सभी शिक्षण तत्काल बंद कर दिए गए, मात्र एक दिन की तैयारी के साथ आई टी एस - द एजुकेशन के सभी संस्थानों के सभी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन माध्यम से कक्षाएं प्रारम्भ कर दी गयी। उन्होंने कहा की अभी तक लॉक डाउन के काल खंड में 6000 से भी अधिक ऑनलाइन कक्षाएं, लगभग ५० से भी अधिक वेबिनार के माध्यम से कॉर्पोरेट जगत के शीर्ष विशेषज्ञ छात्रों के साथ संवाद कर चुके है। इसके साथ साथ




ऑनलाइन माध्यम से ही फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, इ-समिट, डिजिटल समिट जैसे बड़े कार्यक्रमों को भी ऑनलाइन मोड में ही पूरा किया गया है।

उन्होंने कहा की वर्तमान समय में पूरा देश एक बड़ी विकट समस्या से जूझ रहा ह। ऐसे में यह बहुत आवश्यक है कि बिना उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने से समझौता किया टेक्नोलॉजी के उपयोग से और प्रभावी बनाया जा सके। अर्पित चड्ढा ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान कि पहचान उनके एलुमनाई होते हैं और हमारे पुरातन छात्र आज विश्व के विभिन्न देशों में सभी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है।

आरपीर चड्ढा ने कहा कि यह निश्चित है कि इस कोविद - 19 के बाद सभी संस्थानों कि कार्यप्रणाली एवं काम करने के तरीकों में बहुत से परिवर्तन होंगे। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप द्वारा गाजियाबाद, मुराद नगर, ग्रेटर नॉएडा एवं निकटवर्ती क्षेत्रों तथा गावों में चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा की प्रेरणा से कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद लोगों को सूखा राशन जिसमें आंटा, चावल, दाल, नमक एवं तेल भी वितरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिला प्रशाशन एवं सिविल डिफेंस विभाग हेतु सूखा राशन एवं तैयार भोजन कि पैकेट्स और पीने के पानी का वितरण, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्यकर्मियों के लिए किया जा रहा है। आईटीएस ग्रुप द्वारा 2 अप्रैल से आईटीएस मुराद नगर स्थिति 40 बिस्तरों वाले सूर्या हॉस्पिटल्स में प्रशासन द्वारा कोरोना वाइरस से संक्रमित या संभावित रोगियों को क्वारेंटाइन या आइसोलेशन के लिए रखा जा रहा है।

Amar Ujala


page No. 04 Dated : 27-05-2020

# टेक्नोलॉजी आज की जरूरत

साहिबाबाद। ऑनलाइन जगत में प्रसिद्ध द ऑथर शैरी शो में आईटीएस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन ने अपने विचार व्यक्त किए। चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि आज के युग में टेक्नोलॉजी की ऐसी भूमिका है जिसके बिना किसी कार्यप्रणाली एवं कार्य की कल्पना करना अत्यंत कठिन है। उन्होंने कहा कि अभी तक 6000 से भी अधिक ऑनलाइन कक्षाएं, लगभग 50 से भी अधिक वेबिनार के माध्यम से कॉर्पोरेट जगत के विशेषज्ञ छात्रों के साथ संवाद कर चुके हैं।

# आई0टी0एस0 सेंटर फॉर डेन्टल स्टडीज एण्ड रिसर्च दिल्ली-मेरठ रोड़, मुरादनगर, गाज़ियाबाद

parichowk.com May 25, 2020 parichowk.com




कोविड-19 संक्रमण के कारण देश में लॉकडाउन के समय में आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप भारत के उन कुछ संस्थानों मे से एक है, जिसने इस कठिन समय की एक किरण लाने के लिए कई तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया है। संस्थान कई ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर ऑनलाइन शिक्षण कक्षाएं और विभिन्न कार्य आयोजित कर रहा है। आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा ने संस्थान को न केवल नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि उन्होंने संस्थान को नई ऊँचाइयों पर भी पहुंचाया है।

आई0टी0एस0 ग्रुप के लिए यह गर्व की बात है कि भारत के प्रसिद्ध पब्लिक स्पीकिंग कोच ओथर शेरी ने आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, श्री चड्ढा को एम0एस0 टॉक्स पर एक प्रेरणादायक बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया। एम0एस0 टॉक्स 1.7 लाख से अधिक सदस्यों के साथ एक प्रसिद्ध ऑ पब्लिक स्पीकिंग विश्वविद्यालय समुदाय है। यह बातचीत 22 मई, 2020 को आयोजित की गई थी और यह कार्यक्रम बहुत लोगों द्वारा देखा जाने वाला कार्य

श्री अर्पित चड्ढा ने अपने शुद्ध विचारधारा के साथ शुरूआत करते हुए कहा कि – जीवन अच्छे और कठिन समय का एक काल चक्र है लेकिन हमें हमेशा समाज सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करते रहना चाहिए तथा जब कभी भी हमे किसी की मदद करने का अवसर प्राप्त हो तो हमे उनकी अवश्य मदद करनी चाहिए।

बातचीत के दौरान श्री अर्पित चड्ढा ने पिछले 25 वर्षो में आई0टी0एस0-परिवार की यात्रा पर चर्चा की और कहा कि आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप मे काम क सभी लोग आई0टी0एस0 परिवार का हिस्सा है और पूरे कार्यबल में परिवार की यही भावना है जो आई0टी0एस0 ग्रुप की ताकत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप को स्थापित करने का उद्देश्य समाज को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। क्योकि यह समाज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताएं थी जिनके बिना लोगों की प्रगति और वृद्धि नही हो सकती है।

श्री अर्पित ने तकनीकी प्रगति और हर क्षेत्र में इन प्रगति की एकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की। आई0टी0एस0 में इस एकीकरण की प्रक्रिया समूह की स्थ समय से चल रही है। जिसके परिणामस्वरूप आई0टी0एस0 ग्रुप के सभी सदस्य डिजिटल शिक्षण/वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से अच्छी तरह से वाक़िफ़ होने लगे है औ

तथ्य ने लॉकडाउन लागू होते ही समूह को ऑनलाइन शिक्षा में स्थानांतरित करने में सक्षम बना दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे सिस्टम को बदलने के लिए संस्थ टीम को मुश्किल से 24 घंटे लगे और कहा कि आई0टी0एस0 कॉलेज अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने वाला शायद पहला संस्थान था। उन्होंने कि आई0टी0एस0 ग्रुप तकनीकी प्रगति को अपना रहा है जिसमे से एक सबसे प्रभावशाली क्लिनिकल सिमुलेशन फैंटम हेड प्रयोगशाला छात्रों को वास्तविक क्लिनिकल वातावरण प्रदान करने के लिए है।

बातचीत के दौरान श्री अर्पित चड्ढा ने शिक्षकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की और उन्हें लगता है कि शिक्षक वास्तव मे कोविड-19 योद्धा टीम हिस्सा है जो इस महामारी पर काबू पाने में अपनी भूमिका निभा रहे है।

श्री अर्पित चड्ढा ने कहा कि जैसे सितारों की चमक हमें अंधेरे मे ही दिखाई देती है वैसे ही उनके विचार से अंधकार के इस दौर में हमें नये-नये अवसरों की तलाश अलग-अलग काम करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि आई0टी0एस0 ग्रुप ने पहले ही विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू कर दिए है और छा साथ 5000 से अधिक ऑनलाइन सत्र आयोजित किये है। इतना ही नही बल्कि तनाव के इस दौर में संस्था मशहूर हस्तियों, गायकों और क्रिकेटरों के साथ ऑन सत्र आयोजित करती रही है, जो न केवल छात्रों के लिए एक तनाव को दूर करने के रूप में कार्य करता है, बल्कि छात्रों को नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रे करता है। उन्होने कहा कि ज्ञान वर्धन करने का यह मौका केवल छात्रों तक ही सीमित नही है, बल्कि शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए भी अपने ज्ञान में वृद्धि क एक अवसर होना चाहिए और आई0टी0एस0 की इस विचारधारा से ही प्रेरित होकर संस्थान के सभी अध्यापक एवं कर्मचारी अपने-अपने विभिन्न क्षेत्रों में ऑन कोर्स कर रहे है।

श्री शेरी ने संस्थान के द्वारा ली गई विभिन्न प्रकार की कॉर्पोरेट सामाजिक पहल पर आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा की र की। श्री अर्पित चड्ढा ने बताया कि इस कठिन समय में संस्थान ज़रूरतमंदों को हजारों सूखे राशन और पके हुए भोजन के पैकेट उपलब्ध करा रहा है तथा कोरो योद्धाओं को सेनिटाइज़र दिये जा रहे है। आई0टी0एस0 सूर्या अस्पताल को एक क्वारन्टीन सेंटर में बदल दिया गया है जिसमें रोगियों का सभी प्रकार का मेडिक इलाज, भोजन आदि आवश्यकताओं की देखभाल की जा रही है। श्री अर्पित चड्ढा ने बताया आई0टी0एस समूह पहले से ही जन सेवा के कार्यो के लिए तत् पर र तथा हम बालिकाओं के लिए मुफ्त शिक्षा, ज़रूरतमंदों के लिए मुफ्त उपचार शिविर प्रदान करते है और यहां तक कि एक गांव को एडोप्ट भी किया है। उन्होंने कि हम ईश्वर द्वारा धन्य और गौरवान्वित है और यह हमारा कर्तव्य है कि हम समाज के लिए वह करे जो हम कर सकते है।
श्री अर्पित चड्ढा ने यह कहकर बातचीत समाप्त की, कि हमें अतीत पर आँसू नहीं बहाने चाहिए और यह आज की कड़ी मेहनत है जो भविष्य में सफलता का म प्रशस्त करेगी और सफल भविष्य के लिए कड़ी मेहनत और ज्ञान वृद्धि के अलावा कोई विकल्प नही है।


इस ऑनलाइन बातचीत सत्र में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था और विशेष रूप से छात्र समुदाय मे यह चर्चा का विषय था। श्री अर्पित चड्ढा ने कड़ी मेहनत करने की सलाह दी जिससे छात्र एक उज्जवल भविष्य की ओर विकसित हो सके।

← Previous post Next post →

# Current Crime

**Page No 06** **Dated : 25-05-2020**


# आईटीएस डेंटल कॉलेज के वाईस चेयरमेन अर्पित चड्ढा ने




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के वाईस चेयरमेन अर्पित चड्ढा ने एम एस टॉक्स पर भारत के प्रसिद्ध पब्लिक स्पीकिंग कॉच ओथर शेरी से बातचीत की। प्रसिद्ध स्पीकिंग कोच शेरी ने बताया कि एम एस टॉक्स 1.7 लाख से अधिक सदस्यों के साथ एक मुख्य ऑनलाईन पब्लिक स्पीकिंग विश्वविद्यालय समुदाय है। जो कि एक गौरान्वि बात है। उन्होनें बताया कि आईटीएस डेंटल कॉलेज पिछले 25 वर्षो से दिन प्रतिदन प्रगति की ओर निरंतर बढ़ता जा रहा है। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप को स्थापित करना का उद्देश्य समाज को शिक्षा एवं स्वास्थ सेवाऐं प्रदान करना था। क्योंकि यह समाज की मूलभूत आवश्यकताऐं है। जिनके बिना लोगो की प्रगति और उन्नति संभव नहीं है। अर्पित चड्ढा ने बताया कि तकनीकी प्रगति और हर क्षेत्र में इन प्रगति के एकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की गई है। आईटीएस ग्रुप के सभी सदस्य डिजिटल शिक्षण और विडियो कॉनफ्रेसिंग से अच्छी तरह वाकिफ होने लगे है। उन्होनें बताया कि लॉकडाउन लागू होते ही आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप ने ऑनलाईन शिक्षा में स्थानांतरित करने में सक्षम बना दिया। उन्होनें बताया कि पूरे सिस्टम को बदलने के लिए संस्थान की टीम को मुशकिल से 24 घंटे का समय लगा। आज आईटीएस कॉलेज छात्रों के लिए पहला कॉलेज है जहां पर ऑनलाईन कक्षाऐं शुरू की गई है। इस सत्र में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**● एम एस टॉक्स पर भारत के प्रसिद्ध पब्लिक स्पीकिंग कॉच ओथर शेरी से की बातचीत**